# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 22 अगस्त 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले जी-20 यूथ समिट में राजस्थान से कौन भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे?**

(A) डॉ. राकेश अग्रवाल

(B) डॉ. अजय नागर

(C) डॉ. शिवम अग्रवाल

(D) इनमें से कोई नही

- *जी-20 यूथ समिट में डॉ. शिवम करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व*
- *जी-20 यूथ समिट जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में 12 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होगा*
- *प्रतिभागी – सीकर जिले से डॉ. शिवम अग्रवाल*
- *विषय – जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय स्थिरता पर भारत का प्रतिनिधित्व*
- *भारत सरकार द्वारा कुल 5 युवाओं को प्रतिनिधि के तौर पर भेजा जा रहा है।*
- *सम्मेलन की थीम – "वैश्विक प्रगति के लिए युवा : एकजुटता के लिए एकजुट, समानता, स्थिरता को बढ़ावा देना"*

01. राजस्थान के अनंतजीत सिंह नरूका ने कजाकिस्तान में आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप की स्कीट स्पर्धा में कौनसा मेडल जीता?



(a) सिल्वर मेडल

(b) गोल्ड मेडल

(c) ब्रोंज मेडल

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- अनंतजीत सिंह नरूका (जयपुर) ने कजाकिस्तान में आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप की स्कीट स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता।
- नरूका ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए कुवैत के अनुभवी खिलाड़ी और पूर्व एशियाई चैंपियन मंसूर अल रशीदी को हराया
- कजाकिस्तान में एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में भारत की बड़ी सफलता, अनंतजीत सिंह नरूका ने पुरुष स्कीट में गोल्ड जीता, जबकि सौरभ-सुरूचि की जोड़ी और मनु भाकर ने कांस्य पदक अपने नाम किए.

02. ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किसे थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कमेंडेशन कार्ड देकर सम्मानित किया?

(A) मेजर देवांश चतुर्वेदी

(B) धनाराम गोदारा

(D) इन(C) उपरोक्त दोनों में से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मेजर देवांश चतुर्वेदी को सम्मानित
- थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उन्हें उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कमेंडेशन कार्ड देकर सम्मानित किया।
- मेजर देवांश चतुर्वेदी प्रदेश के जयपुर जिले के निवासी हैं।

**03. राजस्थान के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने के लिए कहां पर आधुनिक लैंग्वेज लैब की स्थापना होगी ?**

(A) उदयपुर

(B) जयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने के लिए जयपुर में आधुनिक लैंग्वेज लैब की स्थापना होगी

⭕ राज्य सरकार की पहल पर प्रदेश में इंग्लिश एण्ड फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी और केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा 'लैंग्वेज लैब' स्थापित की जाएगी।

⭕ लैंग्वेज लैब में युवाओं को अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पैनिश, जापानीज जैसी विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे इन भाषाओं में पारंगत बन सकें और उनके लिए विदेशों में रोजगार की राह प्रशस्त हो सके।

04. सितंबर माह में कोरिया में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम के कोच कौन रहेंगे?

(a) अनिल जोशी

(b) विवेक शर्मा

(c) राजेश चौहान

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ तीरंदाजी कोच बने अनिल जोशी, आगामी पैरा वर्ल्ड रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता, जो 23 अगस्त से 31 अगस्त तक चेक गणराज्य (यूरोप) में आयोजित होगी, तथा सितंबर माह में कोरिया में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम के कोच रहेंगे।

⭕ भारतीय तीरंदाजी संघ द्वारा की गई टीम घोषणा में राजस्थान में बीकानेर के अनिल जोशी को इन दोनों अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स के लिए प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है।

⭕ गौरतलब है कि अनिल जोशी 2016 से भारतीय तीरंदाजी टीम से जुड़े हुए हैं और अब तक कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

05. हाल ही में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और किस क्षेत्र के पूर्व लोकसभा सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी का निधन हुआ है?

(a) बाड़मेर-जैसलमेर

(b) कोटा- बूंदी

(c) बालोतरा

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बाड़मेर-जैसलमेर के पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी का 21 अगस्त 2025 को निधन हो गया। वह 80 साल के थे और पिछले कुछ समय से बीमारी से पीड़ित थे।

⭕ 1966 में वे भारतीय सेना में शामिल हुए। उन्होंने पूर्वी मोर्चे पर 1971 के युद्ध में भी योगदान दिया था। उन्होंने 1994 में वीआरएस लिया और राजनीति में शामिल हो गए

⭕ बता दें कि पूर्व सैन्य अधिकारी कर्नल सोनाराम चौधरी ने बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र का चार बार प्रतिनिधित्व किया। वहीं, कर्नल सोनाराम चौधरी 1 बार बायतु विधायक रह चुके हैं।

06. राजस्थान में फतेहपुर शेखावाटी में इस बार गोयनका रिकग्निशन अवॉर्ड्स 2025 में कितनी हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा?

(A) 19

(B) 12

(C) 15

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- ऐतिहासिक हवेलियों और भित्तिचित्रों के लिए मशहूर फतेहपुर शेखावाटी में इस बार गोयनका रिकग्निशन अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन 22 अगस्त को होगा
- राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी विजेताओं को 19 हस्तियों को सम्मानित करेंगे।
- यह पुरस्कार समाज सेवा, व्यवसाय, शिक्षा, खेल, कला, मेडिकल और प्रोफेशनल श्रेणियों में यह सम्मान दिया जाएगा।

**07. हाल ही में राजीव गांधी क्रिकेट क्लब द्वारा किसे राजीव गांधी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया गया है?**

(A) संजय व्यास

(B) राहुल सोनी

(C) पंकज सिंह

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ इस वर्ष का राजीव गांधी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट पूर्व रणजी कप्तान संजय व्यास को दिया गया।

⭕ राजीव गांधी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित समारोह आरसीए क्रिकेट एकेडमी, जयपुर में सम्पन्न हुआ।

राजस्थान में क्रिकेट को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए यह पुरस्कार प्रतिवर्ष राजीव गांधी क्रिकेट क्लब द्वारा दिया जाता है।

⭕ मुख्य अतिथि – टीकाराम जूली (नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान विधानसभा)

✓ राजस्थान में पुरुष क्रिकेटरों को दिया जाने वाला सर्वोच्च अवार्ड - मथुरादास माथुर अवार्ड

✓ राजस्थान में महिला क्रिकेटरों को दिया जाने वाला सर्वोच्च अवार्ड- सुंदर कांति जोशी पुरस्कार

08. अंगदान के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने तथा व्यापक स्तर पर जन जागरूकता के लिए 2 अगस्त 2025 को किस राज्य को 2 राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं?

(A) राजस्थान

(B) मध्यप्रदेश

(C) महाराष्ट्र

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ ऑर्गन ट्रांसप्लांट और अवेयरनेस को बढ़ाने के लिए राजस्थान को मिले दो राष्ट्रीय पुरस्कार

⭕ •अंगदान के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने तथा इस क्षेत्र में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता के लिए 2 अगस्त 2025 को ⭕ राजस्थान को दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिले -

1. इमर्जिंग स्टेट इन ऑर्गन डोनेशन
2. ट्रांसप्लांटेशन एंड एक्सीलेंस इन प्रमोशन ऑफ ऑर्गन डोनेशन

⭕ यह पुरस्कार नई दिल्ली में केंद्रीय चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा राजस्थान स्वास्थ्य विभाग की टीम को दिए गए।

✓ ई - अंगदान शपथ में प्रथम स्थान पर- हनुमानगढ़ जिला

09. हाल ही में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक देश कौनसा बना है ?

(A) रूस

(B) भारत

(C) नेपाल

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक देश बना है
- चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक देश बन गया है।
- भारत ने एक अरब टन  कोयला उत्पादन का लक्ष्य पर कर लिया है।

**10. हाल ही में किस राज्य सरकार ने प्रवासी श्रमिकों के लिए श्रमश्री योजना शुरू की है?**

**(A) पश्चिम बंगाल**

(B) उत्तराखण्ड

(C) उत्तरप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- ममता बनर्जी ने प्रवासी श्रमिकों के लिए श्रमश्री योजना शुरू की
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा श्रमश्री योजना शुरू की गई।
- एक वर्ष तक या नई नौकरी मिलने तक ₹5,000 मासिक सहायता प्रदान करती है।
- इसका उद्देश्य अन्य राज्यों में भाषाई भेदभाव का सामना कर रहे बंगाली प्रवासी श्रमिकों का समर्थन करना है।
- वित्तीय सहायता, जॉब कार्ड और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है।
- श्रमिकों को पश्चिम बंगाल लौटना होगा और उनके पास एक वैध बैंक खाता होना चाहिए।

**Today, Quiz:**

Q. हाल ही में भीलवाड़ा में सम्पन्न हुई तीन दिवसीय राजस्थान स्टेट महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप किसने जीत ली?

(A) श्रीगंगानगर

(B) भीलवाड़ा

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine